Mangalwar ke Upay:मंगलवार के दिन अपनाएं ये 5 चमत्कारी उपाय, हनुमान जी की कृपा से दूर हों सभी कष्ट और बाधाएं!

कलयुग में सबसे अधिक पूजे जाने वाले देवता, भगवान हनुमान की महिमा अपरंपार है। मंगलवार का दिन खास तौर पर बजरंगबली की पूजा के लिए समर्पित है। जो भक्त इस दिन श्रद्धा से हनुमान जी का पूजन करते हैं, उनके जीवन से सभी कष्ट और बाधाएं दूर हो जाती हैं। हनुमान जी को प्रसन्न करने के साथ ही मंगल दोष को दूर करने के लिए मंगलवार के दिन कुछ खास उपाय करना लाभकारी बताया गया है।

हनुमान जी की पूजा और उपासना से जीवन में अनेक समस्याओं का समाधान होता है। विशेषकर मंगलवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि आप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से परेशान हैं या किसी भी प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो हनुमान जी के कुछ खास उपाय आपके जीवन में आने वाले सभी कष्टों को दूर कर सकते हैं।

तो आइए जानते है, मंगलवार(mangalwar ke upay in hindi) के ये विशेष उपाय-

Mangalwar ke Upay: हनुमान को प्रसन्न करने के लिए कुछ प्रभावशाली उपाय

1. हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए श्री हनुमान चालीसा का पाठ एक अत्यंत प्रभावशाली उपाय है। चाहे जीवन में किसी भी तरह की नेगेटिविटी हो या मानसिक तनाव, नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से हर प्रकार दुःख एवं कष्टों से मुक्ति मिलती हैं।

2. श्री राम नाम का जाप

हनुमान जी की विशेष कृपा पाने के लिए मंगलवार को हनुमान मंदिर जाना बहुत लाभकारी है। ध्यान रखें कि मंदिर में पीपल का पेड़ जरूर हो। वहां पीपल के नीचे एक सरसों के तेल का दीपक जलाएं। फिर, पूर्व दिशा की ओर मुंह करके तुलसी की माला से 11 या 21 बार "जय श्री राम" का जाप करें।

3. हनुमानजी को चोला चढ़ाएं

मंगलवार या शनिवार के दिन हनुमान जी चोला चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता हैं। मान्यता है की हनुमान जी (hanuman ji upay) को चोला चढ़ाने से रोग-दोष से मुक्ति मिलती है और कुंडली में मंगल दोष का असर कम होता है। इतना ही नहीं इस प्रभावशाली उपाय से भूत-पिशाच, कर्ज, तनाव, चिंता और सभी तरह की बुरी शक्तियों से भी मुक्ति मिलती है।

4. चमेली के तेल के साथ सिंदूर अर्पित करें

कहा जाता है कि हनुमान जी को चमेली का तेल चढ़ाने से वे जल्द प्रसन्न होते हैं। खासकर मंगलवार (mangalwar ke upay) और शनिवार को अगर आप हनुमान जी को सिंदूर के साथ चमेली का तेल चढ़ाते हैं, तो कार्य में में आ रही बाधाएं दूर हो जाती हैं, साथ ही हर क्षेत्र में मिलती है।

5. बंदरों को गुड़, चने और केले के उपाय

यदि आप आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, तो 11 मंगलवार बंदरों को गुड़, चने और केला खिलाएं। यह सरल उपाय धन वृद्धि में सहायक है और आय के स्रोत बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। साथ ही, आपके करियर या नौकरी में आने वाली सभी रुकावटों को दूर करने में भी प्रभावी साबित हो सकता है।

हनुमान जी की असीम कृपा पाने के लिए, मंगलवार के दिन आप विशेष उपायों के साथ श्री हनुमान अष्टक और सुंदरकांड का पाठ कर सकते है। शास्त्रों के अनुसार, इन पाठ से मन को शांति मिलती है, आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, और बुरी शक्तियों से रक्षा से बचाव होता है। जय श्री राम!